### खबर संक्षेप

### हरदा की घटना पर क्षत्रिय समाज सतना का आक्रोश, ज्ञापन सौंपा

**सतना।** हरदा जिले में घटित अत्यंत निंदनीय और अमानवीय घटना को लेकर पूरे मध्य प्रदेश में आक्रोश व्याप्त है। इस वीभत्स कृत्य के खिलाफ क्षत्रिय समाज,सतना ने शुक्रवार को जिला प्रशासन के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। समाज ने इस घटना को राजनैतिक,प्रशासनिक और सामाजिक असंवेदनशीलता का घिनौना उदाहरण बताया और पीड़ित परिवार को शीघ्र न्याय दिलाने की मांग की।

### ंचायत उपनिर्वाचन- दो पंचायतों में सामान्य अवकाश घोषित

**सतना।** पंचायत उपनिर्वाचन 2025 में जिले की जनपद पंचायत सोहावल की ग्राम पंचायत बठिया कला एवं जनपद पंचायत उचेहरा की ग्राम पंचायत भरहटा में सरपंच पद का निर्वाचन 22 जुलाई को होने पर संबंधित क्षेत्र में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सतना द्वारा सामान्य अवकाश घोषित किया गया है।

### वन अधिकार समिति की बैठक 25 जुलाई को

**सतना।** वन अधिकार अधिनियम अंतर्गत 11 हितग्राहियों को जारी हक प्रमाण पत्र शून्य किए जाने हेतु जिला स्तरीय वन अधिकार समिति की बैठक 25 जुलाई को शायं 5 बजे कलेक्टर सभाकक्ष में आयोजित की गई है।

### निगमायुक्त ने देर रात कंट्रोल रूम का किया औचक निरीक्षण

**कटनी।** नगर में लगातार हो रही बारिश को दृष्टिगत रखते हुए सार्वजनिक मार्गों एवं बस्तियों में जलभराव की समस्या के त्वरित निराकरण एवं नागरिकों के आवागमन की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए निगमायुक्त नीलेश दुबे ने देर रात नगर निगम के कंट्रोल रूम का औचक निरीक्षण कर संलग्न कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निगमायुक्त ने रात्रिकालीन ड्यूटी में तैनात कर्मचारियों को तत्परता के साथ कंट्रोल रूम दूरभाष ने प्राप्त जलभराव से संबंधी शिकायतों से क्षेत्रीय अधिकारी एवं कर्मचारियों को अवगत कराते हुए तत्परता के साथ शिकायतों का निराकरण कराने हेतु निर्देशित किया गया।

### भवन हुआ जर्जर, अनाज-खाद रखने में हो रही दिक्कत

**सिलौंडी।** सिलौंडी पंचायत में सहकारी समिति का अनाज और खाद रखने वाला भवन पूरी तरह जर्जर हो चुका है जिसके कारण खाद रखने के लिए सुरक्षित जगह नही है। जर्जर भवन कभी भी गिर सकता है जिससे हादसे की संभावना बनी हुई है। सहकारी समिति के प्रबंधक पुरुषोत्तम बर्मन ने बताया कि सहकारी समिति का पुराना भवन जहा पर खाद रखने का कार्य होता है भवन पूरी तरह जर्जर हो चुका है।

### अफसर की मिलीभगत और राजनीतिक दबाव

# नगर निगम में पीएफ घोटाले पर कार्रवाई में ढिलाई: कर्मचारियों में रोष

**सतना।** नगर निगम में भविष्य निधि की राशि में कथित गोलमाल का मामला प्रकाश में आने के बावजूद दोषियों के खिलाफ अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने से कर्मचारियों में गहरा रोष व्याप्त है। आरोप है कि निगम के एक बड़े अधिकारी ने कर्मचारियों की मेहनत की कमाई को खुर्द-बुर्द किया है,लेकिन राजनीतिक दबाव और प्रशासनिक उदासीनता के चलते दोषियों पर नकेल कसने में ढिलाई बरती जा रही है।




प्राप्त जानकारी के अनुसार,यह मामला कई महीनों से लंबित है। निगम के कर्मचारियों का आरोप है कि उनकी पीएफ की राशि समय पर उनके खातों में जमा नहीं की गई,और जब उन्होंने इस संबंध में जानकारी मांगी तो संतोषजनक जवाब नहीं मिला। आंतरिक जांच में सामने आया कि लाखों रुपये की पीएफ राशि का दुरुपयोग किया गया है। शुरुआती जांच में कुछ अधिकारियों और कर्मचारियों की मिलीभगत सामने आई है। कर्मचारियों का कहना है कि उन्होंने इस मामले को लेकर कई बार उच्च अधिकारियों से शिकायत की है,लेकिन हर बार उन्हें केवल आश्वासन ही मिला है। नाम न छापने की शर्त पर एक कर्मचारी ने बताया,हमारी गाढ़ी कमाई का पैसा गायब कर दिया गया है और कोई पूछने वाला नहीं है। अगर हम अपनी आवाज उठाते हैं तो हमें ही परेशान किया जाता है। इस पूरे प्रकरण में सबसे चिंताजनक बात यह है कि वित्तीय अनियमितता का यह मामला सामने आने केबावजूद जिम्मेदार अधिकारियों पर कोई कठोर कार्रवाई नहीं की गई है। चर्चा है कि एक प्रभावशाली अधिकारी को बचाने के लिए मामले को दबाया जा रहा है। इससे न केवल कर्मचारियों का मनोबल गिरा है,बल्कि निगम के भीतर भ्रष्टाचार को लेकर भी गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। कर्मचारी संगठनों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं की गई और उनकी पीएफ राशि का हिसाब नहीं दिया गया तो वे अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने को मजबूर होंगे। उनका कहना है कि वे अपने भविष्य के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं करेंगे और न्याय मिलने तक अपना संघर्ष जारी रखेंगे। इस मामले में जिला प्रशासन और नगरीय विकास विभाग की चुप्पी भी सवालों के घेरे में है,क्योंकि यह कर्मचारियों के वित्तीय हितों से जुड़ा एक गंभीर मुद्दा है।

#### क्या है घोटाले का पूरा मामला

नगर पालिका निगम कार्यालय में लगभग ढाई महीने पहले पीएफ का घोटाला हुआ था।यह राशि लगभग 15 से 20 लख रुपए की बताई गई है। नगरनिगम के सूत्रों को मुताबिक पीपीएफ शाखा में कार्य करने वाले कर्मचारियों ने लगभग 25 से 30कर्मचारियों का पीएफ का पैसा निकाल दिया था,इसके बाद जब कर्मचारियों को उसकी जानकारी हुई और नगर निगम में हड़कंप मच गया। उसके बाद कर्मचारी को सस्पेंड कर दिया गया। उस समय के डिप्टी कमिश्नर भूपेंद्रदेव सिंह परमार ने पीएफ का पैसा सभी कर्मचारियों के खाते में जमा करने का आदेश दिया,लेकिन उसके बाद श्री परमार का तबादला कर दिया गया। कर्मचारियों के खाते से गायब हुई रकम अभी तक खाते में नहीं पहुंची है। कर्मचारी बताते हैं कि इस मामले की फाइल नगर निगम के कमिश्नर के पास रखी हुई है।इस मामले में जब नगर निगम के कमिश्नर शेर सिंह मीना से संपर्क करने की कोशिश की गई तो उनसे संपर्क नहीं हो सका।




### आत्महत्या के लिए उकसाने वाला आरोपी 24 घंटे में गिरफ्तार

**सतना।** नागौद पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए धारा 108 बी.एन.एस. (भारतीय न्याय संहिता) के तहत आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोपी को 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता के निर्देश पर थाना प्रभारी निरीक्षक अशोक पाण्डेय के नेतृत्व में की गई। जानकारी के अनुसार,16 जुलाई 2025 को सुबह 6:45 बजे नीरज बुनकर ने सूचना दी कि रामना मैदान,नागौद में उनके ससुर सुदामा प्रसाद बुनकर 48 वर्ष शीशम के पेड़ से फांसी लगाकर मृत पाए गए हैं। जांच में पता चला कि सुदामा प्रसाद के पिता की तीन साल पहले फांसी लगाने से मौत हुई थी,जिसमें आशीष कोरी और एक अन्य के खिलाफ धारा 306 भा.दं.वि. का मामला दर्ज था। इसी मामले में आरोपी आशीष कोरी,जो पन्ना पुलिस लाइन में आरक्षक के पद पर कार्यरत है,मृतक सुदामा प्रसाद पर राजीनामा करने और बयान बदलने का दबाव बना रहा था और धमकी दे रहा था। इसी प्रताड़ना से परेशान होकर सुदामा प्रसाद ने आत्महत्या कर ली। पुलिस ने आरोपी आशीष कोरी 31 वर्ष,निवासी इंद्रानगर,नागौद के खिलाफ धारा 108 बी.एन.एस. के तहत मामला दर्ज कर उसे 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया,जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक अशोक पाण्डेय,उप-निरीक्षक रंगदेव सिंह,उप-निरीक्षक सत्यकीर्ति और आरक्षक विनोद रावत की भूमिका सराहनीय रही।

### सतना जिले में अब तक 565.5 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**सतना।** सतना जिले में इस वर्ष 1 जून से 18 जुलाई तक 565.5 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है।अधीक्षक भू-अभिलेख सतना से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले की सतना (रघुराज नगर) तहसील में 711.7 मि.मी.,सोहावल (रघुराजनगर) में 478.2 मि.मी.,बरौंधा (मझगवां) में 648.8 मि.मी, बिरसिंहपुर में 467.1 मि.मी.,रामपुर बाघेलान में 514.4 मि.मी.,नागौद में 704 मि.मी., जसो (नागौद) में 252.5 मि.मी. एवं उचेहरा में 738.5 मि.मी.औसत वर्षा अब तक दर्ज की जा चुकी है। जिले की औसत सामान्य वर्षा 891.7 मि.मी. है। विगत वर्ष इस अवधि तक जिले में औसत वर्षा 176.5 मि.मी. वर्षा दर्ज की जा चुकी थी।

### मैहर जिले में अब तक 596.4 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**मैहर।** जिले में इस वर्ष 1 जून से 18 जुलाई 2025 तक 596.4 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख मैहर से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले की अमरपाटन तहसील में 616 मि.मी.,मैहर में 534.6 मि.मी.एवं रामनगर में 638 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है। जिले की औसत सामान्य वर्षा 919.7 मि.मी. है। गत वर्ष इस अवधि में 274.5 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई थी।

### मैहर में उफनते नाले में बहे सैकड़ों जानवर, वीडियो वायरल



**मैहर।** जिले के रामनगर नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड चार, करौंदिया मुहल्ले से एक विचलित करने वाली घटना सामने आई है। यहाँ एक तेज उफनते नाले में सैकड़ों गाय और बैल बहते हुए दिखाई दिए। पानी की तेज धार में बहते इन जानवरों का लोगों ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। बताया जा रहा है कि करौंदिया मुहल्ला नगर परिषद की सीमा के अंदर है,लेकिन वहाँ तक जाने का कोई उचित रास्ता नहीं है।स्थानीय लोगों के अनुसार,गाँव वालों ने जानवरों को बलपूर्वक नदी में उतरने के लिए विवश किया था,जिसके कारण यह हृदय विदारक घटना हुई।

### भारत सांस्कृतिक यात्रा की सुर-लय-नृत्य की सजीव झांकी ने एकेएस विश्वविद्यालय में रचा सांस्कृतिक माधुर्य

**सतना।** भारत की सांस्कृतिक विविधता और कलात्मक विरासत की जीवंत अभिव्यक्ति शुक्रवार को एकेएस विश्वविद्यालय,सतना के प्रांगण में तब देखी गई,जब उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, प्रयाग राज,संस्कृति मंत्रालय,भारत सरकार द्वारा आयोजित भारत सांस्कृतिक यात्रा कार्यक्रम के अंतर्गत लोक एवं शास्त्रीय कलाओं की अद्भुत झलक मंचित हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ,जिसमें अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी.पी.सोनी ने करते हुए सभागार को संबोधित भी किया।



मुख्य अतिथि सतना नगरनिगम के महापौर योगेश ताम्रकार,विशिष्ट अतिथि प्रो-चांसलर अनंत कुमार सोनी,डिप्टी कलेक्टर अनिकेत शांडिल्य, डॉ.हर्षवर्धन, डॉ.आर.एस. त्रिपाठी एवं निदेशक अमित सोनी उपस्थित रहे। राजस्थान से आमंत्रित लोक कलाकारों की प्रस्तुतियों से कार्यक्रम का आरंभ हुआ। 'केसरिया बालम पधारो म्हारे देश' और 'निंबुड़ा निंबुड़ा' जैसे कालजयी गीतों पर थिरकते कलाकारों ने शुष्क मरुस्थल की सांस्कृतिक सरसता को मंच पर जीवंत किया। कालबेलिया नृत्य की लहराती मुद्राओं और रंगीन परिधानों ने वातावरण को उल्लास से भर दिया। मथुरा के विनय गोस्वामी एवं उनके दल ने मयूर नृत्य के माध्यम से राधा-कृष्ण की लीलाओं को भक्ति-रस में पिरोकर प्रस्तुत किया। मोरपंख धारण किए कलाकारों ने ऐसी मनोहारी भंगिमाएं रचीं कि दर्शक भावविभोर हो उठे। वाराणसी की करिश्मा केसरी ने शास्त्रीय नृत्य भरतनाट्यम के माध्यम से नारी भावों,सौंदर्य और आध्यात्मिक चेतना को अभिव्यक्ति दी। वहीं हरियाणा की शिखा पाल एवं उनके दल की फाग और घूमर नृत्य प्रस्तुतियाँ दर्शकों की तालियों से गूंज उठीं,जिसने हरियाणवी सांस्कृतिक चेतना को मंच पर स्थापित किया। कार्यक्रम के समापन पर प्रभारी एम.एम.मणि ने सभी कलाकारों को पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया और भारतीय संस्कृति के संवाहकों के प्रति कृतज्ञता प्रकट की।



### मंदाकिनी का जल स्तर घटा, कलेक्टर ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का किया दौरा

**सतना।** चित्रकूट में मंदाकिनी नदी का जलस्तर कम होने के बाद कलेक्टर डॉ.सतीश एस. और पुलिस अधीक्षक ने चित्रकूट के भरत घाट पहुंचकर बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का जायजा लिया। उन्होंने मातहत अधिकारियों को बाढ़ पीड़ितों की सर्वे लिस्ट जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। कलेक्टर डॉ. सतीश एस.ने बताया कि सर्वे सोमवार तक पूरा होने की संभावना है और प्रशासन का प्रयास रहेगा कि अगले हफ्ते के अंत तक बाढ़ पीड़ितों को राहत राशि उपलब्ध करा दी जाए। उन्होंने जोर दिया कि हमारा प्रयास है कि सभी बाढ़ प्रभावित व्यक्ति तक राहत राशि जल्द से जल्द पहुंचे।




**सौंदर्यीकरण कार्यों में हुई क्षति पर जांच के आदेश:** आरोग्यधाम से मोकमगढ़ तक कराए गए सौंदर्यीकरण,घाट निर्माण,रिटर्निंग वॉल और पिचिंग के बाढ़ में बह जाने के मामले पर कलेक्टर ने कहा कि उन्हें अभी इस मामले की जानकारी नहीं है। उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही संबंधित विभाग के अधिकारियों को भेजकर निरीक्षण करवाया जाएगा और रिपोर्ट मांगी जाएगी। उन्होंने कहा,अगर कोई कमी मिली तो संबंधित पर कार्रवाई की जाएगी।

### माँ शारदा मंदिर को बम से उड़ाने का फर्जी वीडियो वायरल, एफआईआर की माँग

**मैहर।** देश के प्रमुख शक्तिपीठों में से एक मैहर स्थित माँ शारदा मंदिर को लेकर सोशल मीडिया पर एक फर्जी और भड़काऊ वीडियो वायरल हो रहा है। इस वीडियो में मंदिर को बम से उड़ाते हुए दिखाया गया है,जिससे क्षेत्र में भारी आक्रोश फैल गया है। इस आपत्तिजनक साजिश के खिलाफ बजरंगी सेना प्रमुख महेश तिवारी और समस्या समाधान समिति अध्यक्ष अभिषेक पाण्डेय ने मैहर थाने में एक ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने इस मामले में कड़ी कार्रवाई और एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। थाना प्रभारी ने मामले की गंभीरता को देखते हुए एफआईआर दर्ज करने का आश्वासन दिया है।लोगों ने इसे धार्मिक सौहार्द बिगाड़ने की आतंकी मानसिकता करार दिया है।

#### पुलिस सख्त, आरोपी निशाने पर

मैहर के प्रसिद्ध मां शारदा देवी मंदिर में बम ब्लास्ट का फर्जी वीडियो वायरल कर सनसनी फैलाने की कोशिश की गई है। एसपी सुधीर अग्रवाल ने इसे पूरी तरह भ्रामक बताया है। उन्होंने कहा कि यह वीडियो लोगों में भय और भ्रम फैलाने के लिए बनाया गया था। कोतवाली मैहर में विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश जारी है। एसपी सुधीर अग्रवाल ने स्पष्ट किया कि मंदिर में कोई घटना नहीं हुई है,यह सिर्फ अफवाह है।पुलिस ने आमजन से ऐसी किसी भी अफवाह पर विश्वास न करने और संदिग्ध जानकारी तुरंत पुलिस को देने की अपील की है। अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई होगी।

### रामपुर बाघेलान में 72 नई सड़कों को मिली मंजूरी, आवागमन होगा सुगम

**सतना/रामपुर बाघेलान।** रामपुर बाघेलान विधानसभा क्षेत्र को प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत 72 नई सड़कों की सौगात मिली है। स्थानीय विधायक विक्रम सिंह विक्की के प्रयासों से मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव से मुलाकात के बाद इन मार्गों को स्वीकृति मिली है। इन स्वीकृत सड़कों में गौहारी-चकदही नई बस्ती,ककरा-सिद्धनगर खोखम,रामपुर बाघेलान-अमरपाटन मार्ग से कोनिया कोठार, बकिया बैलो-पूर्वा टोला,बरछा टोला-तिमडा बस्ती देवमऊ दलदल,अतरहरा-ठकुरान टोला मतहा, रामनगर फीफिर-आदिवासी बस्ती छिबौरा,खरबाही-इटमा चंदनियान,बिहरा क्रमांक 01-डोंगरी टोला और बरती-मड़फा टोला छिबौरा सहित 62 अन्य मार्ग शामिल हैं। विधायक विक्रम सिंह विक्की ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी,मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव और पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल का आभार व्यक्त किया है। इन सड़कों से क्षेत्रवासियों को आवागमन में हो रही परेशानियों से निजात मिलेगी और रामपुर बाघेलान के विकास को नई गति मिलेगी। गौरतलब है कि विधायक ने रामपुर बाघेलान को आकांक्षी ब्लॉक में शामिल कराया था,जिससे इन परियोजनाओं को मंजूरी मिलना आसान हुआ। अमरपाटन विकासखंड में भी कई मार्गों को स्वीकृति मिली है,जिनकी सूची जल्द जारी की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### चाइल्ड हेल्पलाइन सेवा का लोगो जारी

**पन्ना।** भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा चाइल्ड हेल्पलाइन सेवा 1098 का लोगो जारी किया गया है। 24 घंटे एवं 7 दिवस संचालित चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क कर आवश्यक सेवा व सहायता प्राप्त की जा सकती है।

### सोमवार को डाक सेवाएं अस्थाई रूप से निलंबित

**पन्ना।** अधीक्षक डाकघर सतना संभाग द्वारा अवगत कराया गया है कि सोमवार, 21 जुलाई को आईटी 2.0 एप्लीकेशन के रोलआउट के कारण डाक सेवाएं अस्थाई रुप से निलंबित रहेंगी। डाक विभाग द्वारा एप्लीकेशन के निर्बाध और सुरक्षित संचालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से डाउनटाइम निर्धारित किया गया है। इस दिन सभी डाकघर में कोई सार्वजनिक लेन-देन नहीं होगा। यह अस्थाई सेवा निलंबन डेटा माइग्रेशन, सिस्टम सत्यापन और आवश्यक कॉन्फिगरेशन प्रक्रियाओं को निष्पादित करने के लिए आवश्यक है, जिससे नई प्रणाली को प्रभावी व सुचारू रूप से लागू किया जा सके। उल्लेखनीय है कि डाक विभाग द्वारा अगली पीढ़ी की एपीटी एप्लीकेशन की शुरूआत की जा रही है। इस परिवर्तनकारी पहल के तहत उन्नत प्रणाली को पन्ना जिले के सभी डाकघरों में 22 जुलाई 2025 से लागू किया जाएगा। अधीक्षक प्रदीप कुमार खरे ने असुविधा से बचने के लिए समस्त ग्राहकों से डाकघर संबंधी आवश्यक कार्य पूर्व में ही निपटाने का आग्रह किया है।

### हीरा खरीद धोखाधड़ी मामले में न्यायिक जांच की मांग



**करणी सेना परिवार ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन**

**पन्ना।** हरदा जिले में हीरा खरीद धोखाधड़ी प्रकरण को लेकर करणी सेना परिवार ने शुक्रवार को जिला मुख्यालय पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मामले की निष्पक्ष न्यायिक जांच की मांग की गई है। ज्ञापन में बताया गया कि लगभग एक वर्ष पूर्व हीरा खरीद से संबंधित एक बड़ा धोखाधड़ी मामला सामने आया था, जिसमें पीड़ति आशीष राजपूत द्वारा थाने में मोहित और उमेश नामक व्यक्तियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई गई थी। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि दोनों आरोपियों ने हीरा खरीद के नाम पर बड़ी राशि की ठगी की थी। पुलिस ने प्रारंभिक कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया, किंतु बिना समुचित जांच और कानूनी प्रक्रिया के उन्हें रिहा कर दिया गया। करणी सेना परिवार ने आरोप लगाया कि इसके बाद पुलिस ने पीड़ति आशीष राजपूत को थाने बुलाकर पूछताछ के दौरान उनके साथ अभद्रता की, जिससे पीड़ति मानसिक रूप से आहत हुआ। संगठन का कहना है कि पुलिस की कार्यप्रणाली पर कई सवाल खड़े होते हैं और पूरा मामला संदिग्ध प्रतीत होता है। करणी सेना परिवार ने मुख्यमंत्री से मामले की न्यायिक जांच कराए जाने, दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने और पीड़ति को न्याय दिलाने की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो संगठन जनआंदोलन करने को बाध्य होगा।

### एक पेड़ मां के नाम अभियान, वृहद पौधरोपण के संबंध में निर्देश जारी

**पन्ना।** वर्षा ऋतु में वृहद स्तर पर पौधरोपण किया जाना है। इस संबंध में पंचायत एवं ग्रामीण विकास, उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण, वन, नगरीय विकास एवं आवास विभाग द्वारा जिलावार लक्ष्य अनुरूप पौधरोपण की कार्ययोजना तैयार की गई है। इसके अतिरिक्त भारत सरकार के वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के निर्देशानुसार एक पेड़ मां के नाम अभियान के लिए ग्राम पंचायतों, नगर पंचायतों, विद्यालय व महाविद्यालय तथा जिला मुख्यालय के विभिन्न परिसरों में लक्ष्य अनुरूप अधिकाधिक संख्या में पौधारोपण किया जाएगा।

# मझगॉय पंचायत का अवागमन अवरूद्ध अतिवृष्टि से गांव के बाहर निकलना मुश्किल

**मोतीसागर तलाब की पार बह जाने से ग्रामीण का जीवन प्रभावित**



**अजयगढ़।** ग्राम पंचायत मझगॉय अजयगढ पहाड़ी के किनारे वसा है एक तरफ से पहाड़ी एवं नालो से घिरा है। मोतीसागर तलाब की पार वह जाने से गांव के लोगो का अना जाना बन्द हो गया है। पार की एक दीवार का उपरी हिस्सा वचा है उससे लोग जान चातरे में डालकर निकल रहे है किसी भी समय बड़ा चातरा हो सकता है। ग्रामीणो की मांग है की इस काम को पंचायत जल्द कराये ताकि लोगो के लिये आने जाने का रास्ता बन सके। गांव के अन्दर कोई वाहन नही जा पा रहे है। रात्रि में कोई बड़ी समस्या आ जाये तो बराकगरेका एवं मझगॉय की पहाड़ी से गुजरते हुए 5 से 7 किलोमीटर की रास्ता तयकर अजयगढ जाना हो पा रहा है। इसी दौरान 5 जुलाई की रात्रि रात्रि 12 बजे श्श्रूबी पत्नी अजय रजक निवासी पालन पुरवा डिलेबरी हुईश्श पंचायत मित्र धनराज एवं रूबी का पति मझगाय पहाड़ी से चढ़कर बारा कगरे में जाकर एमबूलेस बुलाकर अजयगढ सामुदायिक स्वास्थ्य में ले गये। ग्रामीणो जल्द इसका समाधान चाहते है।

# शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल धरमपुर में नशे से दूरी है जरूरी अभियान कार्यक्रम आयोजित

**पुलिस ने छात्रों को दी नशा मुक्ति की प्रेरणा**

**पन्ना। मध्यप्रदेश पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देश पर धरमपुर थाना पुलिस ने शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल धरमपुर में नशे से दूरी है जरूरी कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अभियान का उद्देश्य युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना और नशा मुक्ति के लिए प्रेरित करना था।**

कार्यक्रम में धरमपुर थाना प्रभारी अनिल सिंह राजपूत ने छात्र-छात्राओं को नशे की लत के खतरों से अवगत कराया। उन्होंने नशा मुक्ति हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी साझा की, जैसे मानस हेल्पलाइन नंबर 1933, नेशनल सुसाइड हेल्पलाइन नंबर 14416, और नशा मुक्ति हेल्पलाइन नंबर 14446। इन नंबरों के जरिए जरूरतमंद लोगों को तुरंत सहायता मिल सकती है। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षकगण, छात्र-छात्राएं और पुलिस स्टाफ उत्साहपूर्वक शामिल हुए। इस पहल ने न केवल जागरूकता फैलाई, बल्कि युवाओं में स्वस्थ और नशा-मुक्त जीवन की प्रेरणा भी जगाई। नशे से दूरी, जीवन से जरूरी! इस संदेश के साथ धरमपुर पुलिस ने समाज को एक बेहतर दिशा दिखाने का प्रयास किया।





# थाना प्रभारी गुनौर ने छात्रों को किया नशे के खिलाफ जागरूकता का संकल्पबद्ध आह्वान

**लोगों को नशे के दुष्परिणामों के बारे में किया जागरूक**



**गुनौर। नशे से दूरी है जरूरी इसी संदेश को लेकर पन्ना जिले के गुनौर पुलिस थाना प्रभारी सुशील अहिरवार ने पन्ना जिले के पुलिस कप्तान साईं क्रषणा थोटा द्धारा चलाई जा रही मुहिम, नशा मुक्ति अभियान के अवसर पर किड्स केयर स्कूल विद्यालय में छात्र-छात्राओं के बीच पहुंचकर विशेष जन-जागरूकता अभियान चलाया। इस अवसर पर उन्होंने नशे के दुष्परिणामों को रेखांकित करते हुए विद्यार्थियों को इससे बचने और समाज में जागरूकता फैलाने का संदेश दिया।**

कार्यक्रम की शुरूआत स्वागत उद्बोधन के साथ हुई, जिसमें विद्यालय प्रबंधन, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस, मानसिंह टेकाम,थाना प्रभारी सुशील कुमार अहिरवार गुनौर सहित सहित जनप्रतिनिधियों एवं अन्य पुलिस अधिकारियों का पुष्पगुच्छ देकर अभिनंदन किया। इसके पश्चात सभागार में उपस्थित विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए थाना प्रभारी सुशील अहिरवार ने कहा कि नशा सिर्फ एक व्यक्ति को नहीं, बल्कि पूरे परिवार, समाज और देश को प्रभावित करता है। उन्होंने कहा, नशा नाश का कारण है, इससे जीवन की दिशा ही भटक जाती है और व्यक्ति आत्मविनाश की और अग्रसर हो जाता है। थाना प्रभारी ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि जीवन में यदि ऊंचाइयों को छूना है, तो संयम और संकल्प की राह अपनानी होगी। युवाओं को नशे की लत से बचाने के लिए शिक्षा के साथ-साथ नैतिक मूल्यों का भी बीच होना जरूरी है। इस दौरान उन्होंने मोबाइल और सोशल मीडिया पर दिखाए जाने वाले भ्रामक प्रचार और नशे को ग्लैमराइज करने वाले कटेंट से भी सतर्क रहने की बात कही। उन्होंने छात्रों से आग्रह किया कि वे अपने आस-पास के लोगों को भी नशे से दूर रहने की प्रेरणा दें और पुलिस प्रशासन का सहयोग करें। एसपी ने छात्रों , बच्चों,से संवाद करते हुए उनकी तिज्ञासा ओं का समाधान भी किया। उन्होंने बताया कि नर्तमान समय में कई नशे की नस्तुएं अत्यंत सरलता से उपलब्ध हो रही हैं, जिनसे सतर्क रहना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन सतत रूप से ऐसे तत्वों पर निगरानी रखता है, परंतु जब तक समाज और विशेष रूप से युवा वर्ग जागरूक नहीं होगा, तब तक नशा मुक्ति अभियान पूर्ण रूप से सफल नहीं हो सकता। कार्यक्रम के अंत में छात्र-छात्राओं ने नशे से दूर रहेंगे, दूसरों को भी जागरूक करेंगे का संकल्प लिया। थाना प्रभारी ने भी अपने उद्बोधन में नशे के दुष्प्रभावों पर प्रकाश डालते हुए छात्रों से आग्रह किया कि वे स्वयं को शिक्षा, खेलकूद और रचनात्मक कार्यों में लगाएं ताकि उनका भविष्य उज्वल हो। विद्यालय के प्राचार्य ने पुलिस के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि बच्चों को सही मार्गदर्शन मिलना अत्यंत आवश्यक है और पुलिस विभाग द्वारा चलाया गया यह अभियान निश्चित ही प्रभावशाली सिद्ध होगा। कार्यक्रम के दौरान थाना प्रभारी ने पंपलेट और जागरूकता से संबंधित प्रचार सामग्री का भी वितरण किया।



# निराश्रित गौवंश को गौशालाओं में भेजने की कार्यवाही जारी

**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार के निर्देशानुसार वर्तमान में अभियान चलाकर सड़कों पर विचरण करने वाले निराश्रित पशु एवं गौवंश को विभिन्न गौशालाओं में भेजा जा रहा है। यह कार्यवाही गुरूवार को भी जारी रही। अजयगढ़ क्षेत्र के देवराभापतपुर में 253 गायों को आज सिद्धनाथ गौशाला में विस्थापित किया गया। इसी तरह पन्ना के बायपास रोड स्थित नगर पालिका पन्ना की गौशाला में गत दिवस शिफ्ट गौवंश के सुरक्षित आश्रय के लिए 100 से अधिक गौवंश को पृथक-पृथक ट्रक से पवई की गौशालाओं में भिजवाया गया। अन्य स्थानों पर भी सड़कों से आवारा पशुओं का विस्थापन सुनिश्चित किया गया।

# कृषि सखियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण का हुआ आयोजन

**पवई**

एक बगिया मां के नाम परियोजना अंतर्गत पवई एवं शाहनगर जनपद की चयनित कृषि सखियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण सह उन्मुखीकरण कार्यक्रम आस्था सामुदायिक प्रशिक्षण केंद्र पवई में प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में मनरेगा अन्तर्गत हितग्राही चयन मापदंड, एक बगिया मां के नाम परियोजना का उद्देश्य, लाभ, हितग्राही का चयन, स्थल चयन, परियोजना लगत क्रियान्वयन, तकनीकी पहलू और मां की बगिया मोबाइल एप्प का डिमॉन्स्ट्रेशन करके साझा समझ विकसित की गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रमोद शुक्ला डीपीएम, अखलेश उपाध्याय सीईओ जनपद पंचायत पवई और ओपी सोनी जिला प्रबंधक क्रा मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। बीपीएम और एबीएम ने प्रशिक्षण आयोजन में सहयोग प्रदान किया।



**शराब की प्रत्येक छोटी बाटल में 20 रूपये ओव्हर चार्ज आखिर क्यों?**

# बेखौफ तरीके से ग्रामीण क्षेत्र में ठेकेदार द्वारा आम आदमी से ली जा रही राशि जिम्मेदार बेखबर

**शाहनगर।** जिले के शाहनगर जनपद अंतर्गत ग्रामीण अंचल धैवापुरा में संचालित शराब दुकान में मनमानी रेट से शराब की विक्री किये जाने का मामला जनचर्चा में है। प्रत्येक छोटी वाटल में 20 रूपये ओव्हर चार्ज लिया जा रहा है। साथ ही इसके बारे में बात करने पर ग्रामीणों को डराया व धमकाया जाता हैं शराब ठेकेदार के इसारे पर बेखौप तरीके से ग्रामीण का शोषण जारी है। पूर्व में महिलाओं के द्वारा आंदोलन के माध्यम से शराब ठेकेदार खिलापत करने को लेकर जहां मैदान में महिलायें आई थी। जिसके बावजूद भी प्रशासन में शराब ठेकेदार से मिलकर ग्रामीणों की आवाज को दबाकर चुप करा दिया। इतना ही नहीं जो नहीं डरे उनके ऊपर मामले कायम करा दिये गये। जिससे ग्रामीण दहशत में कोई भी व्यक्ति खुलकर न ही प्रशासन के खिलाफ आवाज उठा पा रहा और न ही शराब के रेट के लिए जिसका फायदा जबरन शराब ठेकेदार द्वारा शोषण के रूप में किया जा रहा है। आखिर क्यूआर सूची का पालन क्या यहां नहीं किया जा सकता। आखिर यह दास्ता शाहनगर जनपद अंतर्गत धैवापुरा दुकान में जहां 20 रूपये ओव्हर चार्ज प्रति वाटल में लिये जाने का जो आरोप जनचर्चा में है। आखिर इस पर कब लगेगा विराम। धैवापुरा शराब दुकान के संबंध में ठेकेदार के कर्मचारी विनीत राय से मोबाईल पर बात की गई तो आपका कहना था कि ऐसा कुछ भी नहीं। पर आम आदमी यह चर्चा कैसे। आबकारी विभाग के जिम्मेदार क्या बेखबर है। आखिर शराब दुकानों में रेट को लेकर क्यूआर रेट को लेकर कब पालन कराया जायेगा, जो सबसे बड़ा सवाल है।



# एसडीएम पवई द्वारा ओवर लोड में जप्त किया गया वाहन, खनिज विभाग ने किया अंडर लोड घोषित, बिना किसी जुर्माना के गाड़ी मालिक को किया सुपुर्द

**प्रशासन को ओवर लोड एवं अंडर लोड साबित करने में लगा 17 दिन का समय**

खनिज अधिकारी ने अपने ही आदेश में ओव्हर लोड नहीं माना वहीं वाहन के पंजीयन में उल्लेखित क्षमता से अधिक भार वाहन में लोड है यह भी किया उल्लेखित आखिर परिवहन विभाग क्या संबंधित ट्रक को ओव्हर लोडिड मानकर अब कार्यवाही को देगा अंजाम। एसडीएम के द्वारा जप्त वाहन की कार्यवाही की दास्ता चर्चा में जहां खनिज विभाग को अपनी कार्यवाही में ओव्हर लोडिड नहीं मानते हुए वाहन छोड़ा वहीं अब परिवहन विभाग के पाले में मामला। क्योंकि वाहन पंजीयन के अनुसार उक्त वाहन में लोड क्षमता स्वयं खनिज अधिकारी में अपने ही आदेश में साबित की है अब देखना यह है कि संबंधित वाहन को लेकर क्या परिवहन विभाग कार्यवाही को आगे अंजाम देता है कि नहीं।

**पवई।**

*अनुविभागीय अधिकारी पवई समीक्षा जैन द्वारा दिनांक 24 जून 2025 को क्षेत्र भ्रमण के दौरान कलेही माता मंदिर से पवई पतने नदी के मध्य हड़ा तिराहे पर 12 चका डम्फर ट्रक कमांक ब्ळ04 फळ9105 जो रेत से भरा हुआ परिवहन करता पाया गया था। प्रथम दृष्टया ओव्हर लोड देखने में लगा। ट्रक रोक कर दस्तावेज प्रस्तुत करने बोला गया, दस्तावेजों के अवलोकन करने पर पाया गया कि उक्त ट्रक चंचल कुमार अग्रवाल पिता प्रमोद कुमार अग्रवाल निवासी कटनी का है एवं वाहन चालक राजेश पिता सुरेश सिंह निवासी विजयराघवगढ़ का होना बताया गया। अनुविभागीय अधिकारी रा० पवई द्वारा उक्त वाहन के मालिक चंचल कुमार अग्रवाल व वाहन चालक रोशन पिता सुरेश निवासी विजयराघवगढ़ के विरूद्ध म०प्र० खनिज (अवैध खनन परिवहन तथा भण्डारण निवारण) नियम 2022 एवं मोटरयान अधिनियम 1988 की नियमावली के प्रचलित प्रावधानों के तहत कार्यवाही हेतु प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। दिनांक 4.7.2025 को उप संचालक, खनिज पन्ना द्वारा जप्तशुदा वाहन का थाना पवई में जॉच एवं नाप खनिज अमले व पुलिस दल पवई के समक्ष की गई। खनिज अधिकारी द्वारा प्रस्तुत जॉच प्रतिवेदन के आधार पर ट्रक में रेत की मात्रा के अनुरूप पाई गई थी। अतः रेत का अवैध परिवहन होना नहीं पाया गया। अतः खनिज नियमों का प्रकरण नहीं बनता है। परन्तु वाहन के पंजीयन में उल्लिखित क्षमता से अधिक भार वाहन में लोड नहीं है। अतः मोटर व्हीकल एक्ट एवं नियमों अंतर्गत कार्य करता हैं तथा जप्त शुदा वाहन ट्रक कमांक ब्ळ04 फळ9105 वाहन मालिक को मय खनिज के प्रदाय करने का कष्ट करें।*





# डेंगू निरोधक माह के रूप में मनाया जा रहा है जुलाई माह

**डेंगू प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना**



**पन्ना।**

*पन्ना जिले में वर्तमान जुलाई माह को डेंगू निरोधक माह के रूप में मनाया जा रहा है, जिसके तहत डेंगू व चिकुनगुनिया से बचाव के संबंध में कार्यशालाओं के आयोजन सहित अन्य प्रचार-प्रसार गतिविधियां संचालित हैं। आज जिला मुख्यालय पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.पी. तिवारी के द्वारा डेंगू प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह रथ विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण कर डेंगू, चिकुनगुनिया सहित मलेरिया और फाइलेरिया के नियंत्रण के लिए प्रचार-प्रसार कर जनसमुदाय को जागरूक करेगा। साथ ही बुखार आने पर जांच कराने एवं समय पर उपचार प्राप्त करने के लिए भी जानकारी दी जाएगी। इस संबंध में जनसामान्य को अवगत कराया गया है कि डेंगू फैलाने वाला मच्छर कंटेनर ब्रीडर है। यह बर्तनों में संग्रहित साफ पानी में अंडे देता है। डेंगू से बचाव के लिए संग्रहित पानी को ढंककर रखना चाहिए और प्रति सप्ताह एक बार पानी को बदलना भी जरूरी है। बर्तन को रगड़कर धोना आवश्यक है। यदि पानी को बदलना संभव न हो तो सप्ताह में एक बार मीठा तेल इतनी मात्रा में डालना चाहिए की पानी के ऊपर एक पर्त बन जाए। अपने आसपास वर्षा के पानी जमाव वाली सामग्रियों जैसे टायर, टूटे-फूटे मटके, गमले, डिब्बे, नारियल के खोल इत्यादि न फेंके। डेंगू के लक्षण तेज बुखार, सिर दर्द, आंख के पीछे तरफ दर्द, मांसपेशियों व जोड़ों में दर्द एवं शरीर में लाल दाने या चकत्ते होते हैं। यह लक्षण दिखने पर चिकित्सक से तुरंत परामर्श लेना चाहिए और बगैर चिकित्सीय सलाह के किसी भी प्रकार की दवा के सेवन से बचना चाहिए। डेंगू की जांच और उपचार की सुविधा जिला चिकित्सालय पन्ना में निःशुल्क उपलब्ध है।*

# ठगी का आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ा



**पन्ना जिले के अमानगंज** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम द्वारी में आटा फॉर्म से एक आरोपी मोगली सोनी पिता गोविंद सोनी निवासी अशोका गार्डन भोपाल 345000 हजार रुपए का माल ले जाकर पैसे देने में आना कानी करते हुए लगातार अपने पते बदलता रहा और पार्टी को कोई भी भुगतान नहीं दे रहा था जिस विषय पर फरियादी श्रीमती मढ़ी जैन पति कमल जैन निवासी ग्राम द्वारी द्वारा घटना की सूचना एक आवेदन के माध्यम से अमानगंज पुलिस थाना में दी गई जिस पर पुलिस ने आरोपी के विरोध धारा 420 का मामला 22 अक्टूबर 2024 में दर्द किया था और लगातार अमागंज पुलिस आरोपी की तलाश कर रही थी जिसे पुलिस ने भोपाल के अशोका गार्डन से आज दिनांक 17 जुलाई 2025 को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है पुलिस का कहना है की ठगी करने वाले आरोपियों को किसी भी कीमत में स्थानीय पुलिस नहीं छोड़ेगी समय चाहे जो लग जाए इस कार्रवाई में थाना प्रभारी अमानगंज निरीक्षक माधवी अग्निहोत्री सहायक उप निरीक्षक शिवराम नायक आरक्षक मुनेंद्र आरक्षक सतीश आरक्षक तुलसीदास अनुरागी ने सफलता पाई है जिन्हें जिला पुलिस अधीक्षक द्वारा इनाम देने की बात भी कही है1

# पाठा नाला में रेलिंग की सख्त आवश्यकता, हो चुके कई हादसे



**अमानगंज।** पाठा नाला क्षेत्र में सुरक्षा के पर्याप्त इंतज़ाम न होने के कारण स्थानीय लोगों में भारी असंतोष है। नाले के दोनों ओर रेलिंग नहीं होने से आए दिन राहगीरों और दोपहिया वाहन चालकों को जान जोखिम में डालकर गुजरना पड़ता है।वर्षा के दौरान जलस्तर बढ़ने पर यह रास्ता और भी खतरनाक हो जाता है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि कई बार प्रशासन से गुहार लगाई गई, लेकिन आज तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। यदि शीघ्र रेलिंग नहीं लगाई गई तो बड़ा हादसा हो सकता है। स्थानीय नागरिकों ने संबंधित विभाग से जल्द से जल्द रेलिंग निर्माण की मांग की है।

## खबर संक्षेप

### रामजानकी कुंड में बढ़ा हादसे का खतरा

**छतरपुर।** शहर की हनुमान टौरिया के पीछे पठापुर रोड पर पूर्व कलेक्टर और पूर्व सीएमओ का ड्रीम प्रोजेक्ट रामजानकी कुंड इन दिनों तेज बारिश के बीच हादसों को आमंत्रण दे रहा है। अधूरा निर्माण और लावारिस हालत के कारण यह कुंड हादसे का सबब बन सकता है। दरअसल लगातार बारिश से कुंड में पानी भर गया है, जिससे गहरा गड्ढा बन गया है, जो किसी बड़े हादसे को न्योता दे रहा है। एनआरआई ने कहा- मुझे से जान से मारने के प्रयास किया जा रहा है...!

### दो माह से न्याय की गुहार लगा रहा पीड़ित, कार्रवाई की मांग



**छतरपुर।** ओरछा रोड थाना क्षेत्र के गौरगांय में जर्मनी से आए एनआरआई ने अपने ही तीन सगे भाइयों पर पैतृक कृषि जमीन पर कब्जा करने और जान से मारने का प्रयास करने का आरोप लगाया है। पीड़ित एनआरआई दो माह से न्याय के लिए भटक रहा है। एनआरआई सुरेश पुत्र स्व. बाबूलाल रिछारिया ने बताया कि गौरगांय में मेडिकल कॉलेज के पास उनकी 30 एकड़ बेशकीमती पैतृक जमीन है, जो पांच भाइयों में बंटी है। उनके भाई बृजेश रिछारिया, वीरेंद्र रिछारिया, और रावेंद्र रिछारिया ने छह माह पूर्व उनकी जमीन पर जबरन कब्जा करने और जान से मारने का प्रयास किया था, जिसे आपसी सहमति से सुलझा लिया गया था। लेकिन अब तीनों भाइयों ने फिर से गाली-गलौज और जान से मारने की कोशिश की है। सुरेश के मुताबिक उन्हें और उनके परिवार को जान का खतरा है। उन्होंने इसकी शिकायत कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक और ओरछा रोड थाने में की लेकिन दो माह बीतने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। सुरेश ने मांग की कि सभी भाइयों को उनकी हिस्से की जमीन दी जाए ताकि विवाद खत्म हो।

### मुक्तिधाम में लगे पेवर ब्लॉक उखड़े, गुणवत्ता पर उठे सवाल



**हरपालपुर।** नगर परिषद द्वारा छह माह पूर्व लाखों रुपये की लागत से किए गए मुक्तिधाम सौंदर्यीकरण कार्य की बारिश में पोल खुल गई। दरअसल यहां पेवर ब्लॉक उखड़ गए और चबूतरे के टीन शेड भी टूट गए, जिससे अंतिम संस्कार के लिए आने वालों को भारी परेशानी हो रही है। स्थानीय लोगों ने नगर परिषद और ठेकेदारों पर लापरवाही का गंभीर आरोप लगाया है। लोगों का कहना है कि कार्य में मानकों का उल्लंघन किया गया और गुणवत्ता की अनदेखी की गई। गुरुवार को अंतिम संस्कार करने पहुंचे लोगों ने देखा कि बारिश के पानी से पेवर ब्लॉक धंस गए हैं और टीन शेड भी उखड़ चुके हैं, जिससे चिता जलाने में दिक्कत हो रही है। लोगों ने नाराजगी जताते हुए कहा कि यह अंतिम संस्कार की जगह है, कम से कम यहां तो गुणवत्तापूर्ण कार्य होना चाहिए था। बारिश के दौरान शेड के चद्दर टूट जाने से चिता अधजली रह जाने का डर रहता है और लोगों का वहां बैठना भी मुश्किल हो गया है। स्थानीय लोगों ने नगर परिषद से जल्द मरम्मत कराने और उचित व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है।

# 2 दिन में छतरपुर जिले में हुई 22 इंच बारिश..

## शुरुआती बारिश ने दिखाया उग्र रूप, चारों तरफ बाढ़ में फंसे लोगों में मचा हाहाकार





## 2 कच्चे मकान गिरने से 2 की मौत, 1 घायल, नाले में बहे युवक का मिला शव

**छतरपुर।**

सावन की छड़ी जो लगी थी बह बंद होने का नाम नही ले रही। छतरपुर जिले में 10 दिन के अंतराल में बारिश ने अपना उग्र रूप दिखा दिया है। इसलिए 2 दिन से हो रही बारिश से चारो तरफ पानी का सैलाव नजर आने लगा है, नदी नाले उफान पर चल रहें है। जिससे जनता के बीच में हाहाकार मचा हुआ है। बाढ से निपटने के लिए प्रशासन द्वारा जो 2 माह पहले से तैयारियां की जा रही थी बह तैयारियां पूरी तरह से फ्लाप नजर आ रही है। गुरूवार की सुबह से शुरू हुई बारिश पूरी रात जो कहर बरपाया उससे 2 लोगों की जान भी चली गई। थाना ओरछा रोड के अंतर्गत अलग अलग 2 गांव में कच्चे मकान धराशाई होने से एक 20 बर्षीय युवती और एक 25 बर्षीय युवक की मौत हो गई, जबकि 1 महिला घायल हो गई। बही ओरछा रोड़ थाना अंतर्गत ही नारायणपुरा रोड़ में नाले को पार करते हुए एक युवक साईकिल सहित बह गया बाद में रेस्क्यू ऑपरेशन कर युवक के शव को खोज निकाला गया।

**शहर के तालाबों ने दिखाया रौद्र रूप, बाढ में फसे हजारों परिवार, संजय नगर का टोल प्लाजा बहा आवागमन अवरोध**



बारिश का रोद्र रूप लवकुशनगर अुनविभाग में और भी देखने को मिला क्योंकि लवकुशनगर छतरपुर- मार्ग में संजयनगर के पास स्थिति टोल प्लाजा इस भीषड़ बारिश में बाढ़ की चपेट आ गया और टोल प्लाजा के चारों तरफ पानी ही पानी नजर आने लगा। उर्मिल नदी का जल स्तर इसलिए बढ़ गया क्योंकि सिंहपुर बैराज डैम के कुछ गेट इसलिए खोल दिए गए क्योंकि बैराज में पानी अधिक बढ रहा था। और इस पानी में टोल प्लाजा तक अपना रोद्र रूप दिखा दिया। टोल प्लाजा पर काम करने बाले कर्मचारियों के कमरे डूब गए और छतरपुर से लवकुशनगर का संपर्क मार्ग भी टूट गया। इसी तरह भीषड़ बर्षा के चलते बछौन से राजनगर रोड़ भी बंद हो गया क्योंकि उर्मिल नदी के पुल के ऊपर से पानी बहने लगा था। राजनगर से बछौन मार्ग में उर्मिल नदी के पुल पर पानी इसलिए अधिक बढ गया क्योंकि सिहपुर डैम के 2 गेट खोले जाने से पुल के ऊपर से 3 फुट पानी बहने लगा। जिस बजह से राजनगर बछौन मार्ग बंद कर दिया गया और बही चंदला से बछौन मार्ग भी एक दिन पहले बंद हो गया था क्योंकि लबरहा गांव के पास केन नदी पुल के ऊपर से बह रही थी।

महाराजा छत्रसाल नगरी छतरपुर के तालाबों ने करीब 25 साल बाद अपना रोद्र रूप दिखाया है। लगातार हुई बारिश के कारण किशोर सागर तालाब, प्रताप सागर तालाब, संकट मोचन तालाब, ग्वाल मंगरा तालाब सहित रानी तलैया में जलस्तर इतना अधिक बढ गया कि बहां तालाब की सीमा क्षेत्र में रहने बाले लोगो के घर जलमग्र हो गए और सामान पानी में तैरने लगा। तालाबों का जल स्तर बढने के कारण एक बार यह बात जरूर सिद्व हो गई है कि तालाब अपनी सीमा पर है जबकि लोगों ने तालाबों की सीमा में मकान बना रखें है और शहर के जो नाले पानी निकासी के लिए राजा महाराजा के समय बनाए गए थे उन नालों पर ऐसा अतिक्रमण किया गया है कि 20 फुट के चौड़े नाले 5 फिट सिमिट कर रह गए है। जिससे पानी का बहाव कम हो गया और शहर में कई कॉलोनिया जलमग्न हो गई। छतरपुर विधायक ललिता यादव, एसडीएम अखिल राठौर, सीएमओ माधुरी शर्मा, टीआई अरबिंद दांगी ने सभी तालाबो से बाढ प्रभावित बस्तियों का दौरा करते हुए लोगो से चर्चा कि और विधायक ने स्पष्ट कहा कि बारिश के बाद तालाबों और नालों का सीमांकन कराया जाएगा। तालाबों और नालों में अतिक्रमण कतई बरदास्त नही किया जाएगा। जिन लोगों ने तालाब के रकवे पर मकान बना रखें है। उन्हें अन्य जगह विस्थापित किया जाएगा, ताकि आने बाले बारिश के समय में लोगों को परेशान न होना पड़े। शहर छतरपुर के भारतीय स्टेट बैंक मुख्य शाखा के बैसमेन्ट में पानी भर गया। रात को ही पम्प लगाकर पानी खाली किया गया। इस दौरान नगरपालिका के टैंकर भी मौजूद रहे। बही सूत्रों का कहना है कि बैंक की नगद राशि बैसमेन्ट में ही रखी रहती है। बैसमेन्ट में ही चेस्टरूम बना हुआ है और इसी चेस्टरूम से बैकों में पैसा जाता है। चर्चा यह भी है कि कुछ नगद राशि गीली भी हो गई है।

### मौसम विभाग ने कहा-

अब 30 जुलाई तक साफ रहेगा मौसम। मौसम विभाग का कहना है कि करीब तीन दशक के बाद ऐसा संयोग बना कि बंगाल की खाड़ी और अरब सागर की खाड़ी में बने सर्कुलेशन बुंदेलखंड में मिल गए। दोनों ओर से बादल बारिश लेकर आए इसलिए यहां इतनी जोरदार बारिश हुई है। मौसम विभाग के आरएस परिहार ने बताया कि अब यह सर्कुलेशन ग्वालियर क्षेत्र की ओर निकल गया है। जो संदेश मिल रहे हैं उनके मुताबिक 30 जुलाई तक मौसम साफ रहेगा। हालांकि लोकल डिस्टर्बेन्स होने से हल्की बारिश के आसार बने रहेंगे।

### प्राकृतिक आपदा से 2 की मौत, 1 घायल -



गुरूवार की रात को जोरदार बारिश होने के कारण थाना ओरछा रोड के ग्राम ढिलापुर और हतना में प्राकृतिक आपदा की दो घटनाएं हुई। जिससे दो की मौत हो गई और एक घायल है। जानकारी के अनुसार ग्राम ढिलापुर में आरती अहिरवार उम्र 20 वर्ष अपनी मां के साथ मकान में सो रही थी इसी दौरान उनका कच्चा मकान धरासाई हो गया। जिससे दोनों मां बेटी दब गई कच्चे मकान के मल्बे में दबने से 20 वर्षीय आरती अहिरवार की मौत हो गई जबकि उसकी मां घायल हो गई। वही ग्राम हतना में अमर यादव उम्र 35 बर्ष अपने जानवर घर के अंदर छोडने गया तभी उसका कच्चा मकान भरभराकर गिर गया और दबने से अमर यादव की मौत हो गई।

### नाले में बहे युवक का मिला शव -

जानकारी के अनुसार ग्राम नारायणपुरा निवासी हरवंश राजपूत उम्र 24 वर्ष साईकिल से जा रहा था। इस दौरान उसने नारायणपुरा के नाले को पार करना चाहा, लेकिन बह नाला पार नही कर सका और नाले में साईकिल सहित बह गया। काफी खोजबीन करने के बाद हरवंश राजपूत का शव बरामद किया गया। जिसका पंचनामा पुलिस ने तैयार कर पोस्टमार्डम कराया गया।

### नदी में फसें 6 लोगों को रेस्क्यू कर निकाला

_थाना गढ़ी मलहरा के अंतर्गत करोला गांव के पास से निकली सिघाड़ी नदी की बाढ मे एक पूरा परिवार फंस गया। प्रशासन को जानकारी लगने पर एसडीईआरएफ की टीम को रेस्क्यू के लिए भेजा गया। टीम ने सफल रेस्क्यू कर पूरे परिवार को सुरक्षित निकाला। नौगांव एसडीएम जीएस पटेल की उपस्थिति में रेस्क्यू किया गया। इस दौरान महाराजपुर तहसीलदार इंदू सिंह और गढ़ी मलहरा थाना प्रभारी रीता सिंह मौजूद रही।

### आकाशीय बिजली गिरने से 2 भैसों की मौत



थाना बमीठा के अंतर्गत ग्राम पंचायत झमटूली में तेज बारिश के दौरान अकाशीय विजली भी गिर गई। जिससे लखनपटेल पिता रामकिशन पटेल की दौ भैसों की मौत हो गई यह दोनों भैसें श्यामरा हार के पास खेतों मे चर रही थी घटना गुरूवार की शाम 6 बजे की बताई जा रही है।

## गल्ला व्यापारी के घर लाखों की चोरी



**बमीठा।**

कस्बे के विद्युत पॉवर हाउस के पास गुरुवार देर रात अज्ञात चोरों ने एक गल्ला व्यापारी के घर में चोरी की बड़ी वारदात को अंजाम दिया। सोने-चांदी के जेवर और नकदी चुराकर चोर फरार हो गए। छोटे लाल तिवारी निवासी बमीठा ने बताया कि रात में वे कमरे का ताला लगाकर अपनी माता को लघुशंका के लिए ले गए और उनके पास ही सो गए। चोर पड़ोस के मकान की छत से चढ़कर गोमटी के रास्ते घर में घुसे। उन्होंने सभी कमरों और मोहल्ले के अन्य मकानों की कुंडी बाहर से बंद कर दी। जेवर और 2 लाख 20 हजार रुपये नकद वाले कमरे का ताला काटकर चोरी की और पीछे के दरवाजे से फरार हो गए। घटना रात 2 से 3 बजे के बीच की है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी और अज्ञात चोरों की तलाश में जुट गई।

## शिक्षा सुविधा बदहाल, छात्रों की जिंदगी से खिलवाड़

**बड़ामलहरा।**



क्षेत्र के शासकीय प्राथमिक स्कूल बमनकोला में बदहाल शिक्षा सुविधाएं सरकार के दावों की पोल खोल रही हैं। किराए के एक छोटे से कमरे और दहलान में कक्षा 1 से 5 तक के 51 नन्हें-मुन्ने बच्चे पढ़ने को मजबूर हैं। बच्चे तंग कमरे में भरा हुआ गैस सिलेंडर, चूल्हा, अलमारी, पलंग, पेटी और अन्य सामान के बीच एक कोने में सिमटकर पढ़ाई करते हैं। स्कूल तक पहुंचने के लिए कीचड़ भरे रास्ते से गुजरना पड़ता है, जिससे बच्चों की मुश्किलें और बढ़ जाती हैं। बमनकोला के शासकीय स्कूल का भवन जर्जर होने के कारण प्रशासन की निगरानी में गिरा दिया गया था। इसके बाद कोई नया भवन नहीं बनाया गया, और बच्चों को किराए के इस असुरक्षित कमरे में पढ़ने के लिए छोड़ दिया गया है। प्राथमिक शिक्षक, बमनकोला ने बताया कि सीमित संसाधनों में बच्चों को पढ़ाना चुनौतीपूर्ण है, और जर्जर व्यवस्था के कारण शिक्षा की गुणवत्ता प्रभावित हो रही है।

## नवागत सीएमओ ने किया निरीक्षण सफाई व्यवस्था पर जताई नाराजगी



**हरपालपुर।** लगातार बारिश और मानसून की वजह से नगर में सफाई व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। कस्बे की गलियों और नालियों में फैली गंदगी से रहवासियों का सड़कों पर चलना मुश्किल हो गया है। नवागत सीएमओ शैलेन्द्र सिंह ने शुक्रवार को नपा अमले के साथ मैन रोड, हरिहर रोड और पुरानी गल्ला मंडी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान गंदगी और सफाई व्यवस्था दुरुस्त न होने पर सीएमओ ने नाराजगी जताई। उन्होंने व्यापारियों को अपनी दुकानों के बाहर डस्टबिन रखने और कचरा डस्टबिन में डालने की अपील की, ताकि नगर स्वच्छ बना रहे। सीएमओ के साथ नपाध्यक्ष अमित अग्रवाल और नपा प्रशासन भी मौके पर मौजूद रहा। निरीक्षण के दौरान नपा सफाई कर्मचारियों ने नालियों की सफाई की। मौके पर मौजूद व्यापारियों ने बताया कि नगर में कई जगह नालियां नहीं हैं, जिससे सड़क पर गंदा पानी जमा हो जाता है और लोगों को परेशानी उठानी पड़ती है। वार्ड नंबर 8 में पिछले 15 दिन से पेयजल संकट है, लेकिन अब तक सुधार कार्य शुरू नहीं हो पाया है। वहीं, हरिहर रोड से पंजाब बैंक तक पीडब्ल्यूडी की सड़क पर गड्ढे और जलभराव की समस्या बनी हुई है, जिससे आए दिन राहगीर चोटिल हो रहे हैं। व्यापारियों ने गड्ढों की मरम्मत की मांग की है।

# कलेक्टर ने हिट एंड रन के 4 प्रकरणों में 2-2 लाख रुपए की राशि की स्वीकृत

### प्रतिकर के रूप में मृतकों के वैध वारिसों को कुल 8 लाख रुपए स्वीकृत

**छतरपुर। छतरपुर कलेक्टर एवं दावा निपटान आयुक्त पार्थ जैसवाल ने हिट एंड रन मामले में मोटरयान दुर्घटना के 4 अलग अलग प्रकरणों में 2-2 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की है। जिला प्रशासन द्वारा प्रमुखता से हिंट एंड रन दुर्घटनाओं में संवेदनशीलता दिखाते हुए प्रकरणों के निराकरण प्राथमिकता से किया जा रहा है और मृतक के वैध वारिस को मिलने वाली प्रतिकर की राशि स्वीकृत की जा रही है।**

एक दुर्घटना जो इमलिया चौराहा बाजना बिजावर मार्ग बिजावर जिला छतरपुर पर 30 मई 2023 को हुई थी, के परिणाम स्वरूप सुरेन्द्र यादव तनय स्व. फुन्दी यादव निवासी ग्राम शहपुरा तहसील बक्स्वाहा की मृत्यु होने पर मृतक के विधिक प्रतिनिधि के रूप में मृतक की मां रूपरानी यादव पत्नी स्व. फुन्दी यादव को प्रतिकर के रूप में राशि 2 लाख रूपए की राशि स्वीकृत की है।



दूसरी दुर्घटना जो जटाशंकर रोड कोल्हूपुरा के आंगे बिजावर पर 20 अगस्त 2023 को हुई थी, के परिणाम स्वरूप घसिया उर्फ घासीराम अहिरवार पिता घमण्डी अहिरवार निवासी ग्राम बनगांय तहसील एवं जिला छतरपुर की मृत्यु होने पर मृतक के विधिक प्रतिनिधि के रूप में मृतक का पुत्र गोरेलाल अहिरवार पिता स्व. घसिया उर्फ घासीराम अहिरवार को प्रतिकर के रूप में राशि 2 लाख रुपए मंजूर की गई है। तीसरी चंदेला होटल के सामने खजुराहो जिला छतरपुर पर 28 दिसम्बर 2022 को हुई थी, के परिणाम स्वरूप शुभम उर्फ शिवम रजक तनय मुन्नीलाल रजक निवासी खजुराहो की मृत्यु होने पर मृतक के विधिक प्रतिनिधि के रूप में मृतक के पिता मुन्नीलाल रजक निवासी बार्ड नं 14 पुरानी बस्ती घटाई मंदिर के पास खजुराहो जिला छतरपुर को प्रतिकर के रूप में राशि 2 दो लाख रुपए की राशि मंजूर की है। चौथी दुर्घटना जो चंदेला होटल के सामने खजुराहो पर 28 दिसम्बर 2022 को हुई थी, के परिणाम स्वरूप भागराज उर्फ भागचन्द्र पाल तनय बिहारीलाल पाल निवासी खजुराहो की मृत्यु होने पर मृतक के विधिक प्रतिनिधि के रूप में मृतक के पिता बिहारी लाल पाल निवासीं बार्ड नं 8 पुरानी बस्ती खजुराहो जिला छतरपुर को प्रतिकर के रूप में राशि 2 दो लाख रुपए की राशि मंजूर की है।

### किसान 31 जुलाई तक अपनी फसल का बीमा कर फसल क्षति का मुआवजा प्राप्त कर सकते है -

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत खरीफ फसलों के लिए बीमा पंजीकरण की शुरुआत हो गयी है। खरीफ 2025 में फसलों का बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2025 है। इच्छुक कृषक भाई उक्त तिथि के पूर्व अपने पटवारी हल्का की अधिसूचित फसलों का बीमा करवा सकते हैं। खरीफ मौसम में सभी अनाज, दलहन, तिलहन फसलों के लिए बीमित राशि का मात्रा अधिकतम 2 प्रतिशत प्रीमियम कृषक भाइयों द्वारा देय है। शेष प्रीमियम राज्य एवं केन्द्र सरकार द्वारा वहन किया जाता है। योजना के प्रावधान अधिसूचित क्षेत्रों में अधिसूचित फसलें उगाने वाले बटाईदारों और कास्तकारी सहित सभी किसान अपनी फसलों का बीमा कवरेज प्राप्त करने हेतु पात्र है। योजना सभी कृषकों हेतु स्वैच्छिक की गई है। अल्पकालिक फसल ऋण प्राप्त करने वाले कृषकों की फसलों का बीमा संबंधित बैंक द्वारा किया जायेगा। अऋणी कृषक अपनी अधिसूचित फसलों का बीमा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत जिले की समस्त सहकारी समितियां, प्रत्येक ग्राम पंचायत में स्थापित कॉमन सर्विस, जिले के समस्त बैंक, क्रॉप इंश्योरेंस ऐप फसल बीमा पोर्टल , एआईसी प्रतिनिधि एवं उर्वरक नगद विक्रय केन्द्र के माध्यम से एवं स्वयं कृषक फसल बीमा पोर्टल पर जाकर पंजीयन करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2025 तक करवा सकते है।

### अऋणी कृषकों की पंजीयन करवाने के लिए आवश्यक दस्तावेज -

*भू-अधिकार पुस्तिका की छायाप्रति, पहचान पत्र आधार कार्ड, बैंक पासबुक की छायाप्रति, बुआई प्रमाण पत्र की प्रति (कृषि विस्तार अधिकारी सरपंच व सचिव द्वारा सत्यापित), मोबाइल नम्बर।*

***नोट - के.सी.सी. ऋणी कृषक गत वर्ष से अपनी फसल परिवर्तन की सूचना 29 जुलाई तक बैंक को दे सकते है अधिक जानकारी के लिए किसान भाई कृषि रक्षक पोर्टल 14447 पर संपर्क कर सकते है।***

***किसान भाइयों से अपील है कि फसल बीमा का लाभ लेने के लिए अधिसूचित क्षेत्रों में बोई गयी अधिसूचित*** *फसलों का बीना अवश्य करायें। अधिक जानकारी के लिए एग्रीकल्चर इंश्योरेंस प्रतिनिधि, क्षेत्रीय कृषि विस्तार अधिकारी, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी या समीपस्थ बैंक शाखा से संपर्क करें।*

